नारी शक्ति वंदन कानून से महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा : लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत और डोमिनिकन गणराज्य के घनिष्ठ संबंध आपसी मित्रता और साझा मूल्यों पर आधारित हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

नवनिर्मित संसद भवन भारत की विविधता और लोकतंत्र का प्रतीक है: लोक सभा अध्यक्ष

...

डोमिनिकन गणराज्य की उप राष्ट्रपति ने लोक सभा अध्यक्ष से मुलाकात की

...

नई दिल्ली; 03 अक्तूबर, 2023: डोमिनिकन गणराज्य की उप राष्ट्रपति, महामहिम श्रीमती रक़ेल पेना रोड्रिग्ज़ के नेतृत्व में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए प्रतिनिधिमंडल ने आज संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला से मुलाकात की।

प्रारंभ में, श्री बिरला ने महामहिम, श्रीमती रक़ेल पेना रोड्रिग्ज़ और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। नवनिर्मित संसद भवन के बारे में बताते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह भवन भारत की विविधता और लोकतांत्रिक यात्रा का प्रतीक है। श्री बिरला ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि नवनिर्मित संसद भवन में देश के सभी भागों की संस्कृति, डिजाइन और सामग्री का समावेश किया गया है।

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने पर महामहिम श्रीमती पेना रोड्रिग्ज़ को बधाई देते हुए श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि दोनों देश के घनिष्ठ संबंध परस्पर मैत्री, लोकतंत्र के साझा मूल्यों और वैश्विक मुद्दों पर समान विचारों की मजबूत नींव पर आधारित हैं। यह टिप्पणी करते हुए कि भारत और डोमिनिकन गणराज्य दोनों में सशक्त संसदीय प्रणालियाँ हैं और साझा लोकतांत्रिक मूल्य हैं, श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों को लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए संसदीय आदान-प्रदान को और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए।

हाल ही में पारित ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन विधेयक के बारे में प्रतिनिधिमंडल को जानकारी देते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इस कानून से भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सुनिश्चित किया कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किया जाए और इसके साथ ही वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को मुखरित भी किया गया।

इस बात पर जोर देते हुए कि भारत में कई संसद सदस्य विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर उत्साहित हैं, श्री बिरला ने कहा कि दोनों संसदें आपसी सहयोग के माध्यम से इन क्षेत्रों में आगे प्रगति कर सकती हैं। उन्होंने कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और आपदा प्रबंधन आदि जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की सरकारों और संसदों के बीच व्यापक सहयोग का आग्रह भी किया। भारत और डोमिनिकन गणराज्य के बीच पर्यटन क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों में ऐतिहासिक और सुरम्य पर्यटन स्थल हैं और इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। श्री बिरला ने यह उम्मीद भी जताई कि आने वाले समय में भारत और डोमिनिकन गणराज्य के आर्थिक और व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत इस संबंध में अपना पूरी तरह सहयोग करने के लिए तैयार है।

महामहिम, श्रीमती पेना रोड्रिग्ज़ ने श्री बिरला को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया और 'वैक्सीन मैत्री' के अंतर्गत भारत द्वारा समय पर कोविड टीकों की आपूर्ति किए जाने के लिए भी आभार व्यक्त किया, जिससे महामारी के दौरान उनके देश को काफी मदद मिली। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित होने की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भारत और डोमिनिकन गणराज्य अपने व्यापार को बढ़ाएंगे और इसमें विविधता लाने के साथ ही साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

डोमिनिकन गणराज्य प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा नवनिर्मित संसद भवन में पहली उच्च स्तरीय राजनयिक यात्रा है। इससे पहले ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन संविधान सदन में किया जाता था।